जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

02 दिसंबर, 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र सीनियर नेशनल तीरंदाजी टूर्नामेंट में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करेंगे

जामिया मिल्लिया इस्लामिया को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि दिनांक 28 और 29 नवंबर 2024 को यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, कड़कड़डूमा में आयोजित सीनियर नेशनल ट्रायल्स में विश्वविद्यालय के छात्रों ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। दिनांक 15 दिसंबर, 2024 से झारखंड के जमशेदपुर में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित 44वें सीनियर नेशनल तीरंदाजी टूर्नामेंट में दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने के लिए विश्वविद्यालय के दो खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रबंधन अध्ययन विभाग के एमबीए प्रथम सेमेस्टर के छात्र और एसजीएफआई एवं जूनियर नेशनल दोनों स्तरों पर स्वर्ण पदक विजेता श्री ध्रुव बग्गा ने रिकर्व इवेंट में पहले दिन 662/720 और दूसरे दिन 664/720 का उल्लेखनीय स्कोर प्राप्त किया और प्रतिभागियों में प्रथम स्थान हासिल किया । पर्यटन एवं आतिथ्य प्रबंधन विभाग के स्नातक प्रथम सेमेस्टर के छात्र और भारतीय स्पर्धा में सब-जूनियर राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता श्री अभिषेक कुमार ने 611/720 का स्कोर दर्ज किया जिससे उन्हें तीसरा स्थान मिला और वे राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त कर सके। इसके अतिरिक्त सुश्री सुब्बीक्षा वी.के. जो वर्तमान में कम्पाउंड स्पर्धा में भाग ले रही हैं वह ट्रायल से गुजर रही हैं और विश्वविद्यालय की ओर से उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं ।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के कुलपति प्रो मजहर आसिफ और कुलसचिव प्रो मोहम्मद महताब आलम रिजवी ने राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त करने वालों की सराहना की और उन्हें बधाई दी।

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के गेम्स एवं स्पोर्ट्स के मानद निदेशक प्रो नफीस अहमद ने यह कहते हुए अपनी प्रशंसा व्यक्त की कि , "हम विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले अपने सभी एथलीटों द्वारा प्रदर्शित समर्पण और प्रतिभा की सराहना करते हैं। हमें उम्मीद है कि वे आने वाले समय में भी हमें गौरवान्वित करते रहेंगे।"

गेम्स एवं स्पोर्ट्स विभाग के उप निदेशक डॉ. मोहम्मद आबिद और जामिया के तीरंदाजी क्लब के अध्यक्ष डॉ. अरुणेश कुमार सिंह ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दीं हैं ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया